22 फरवरी, 2019

शुद्धिपत्र – 01

विषयः बोली पूर्व बैठक संबंधी शंकाएं, संशोधन और स्पष्टीकरण

ई-टेंडर संदर्भ संख्या:	**IT/EXIM/RFP/2018-19/048**
ई-टेंडर:	**माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस 365 एंटरप्राइज करार का नवीकरण**
बोली पूर्व बैठक की तारीख:	**22 फरवरी, 2019, एक्ज़िम बैंक, मुंबई**

क्वेरी 1

बोली में हिस्सा लेने के लिए पात्रता मानदंडों में सीएमएमआई लेवल 3 प्रमाणन में छूट दी जाए।

एक्ज़िम बैंक का जवाबः

सहमत। सीएमएम लेवल 3 अपेक्षित नहीं है।

क्वेरी 2

कम से कम 10 साल से भारत में कंपनी / फर्म रजिस्ट्रार कार्यालय में रजिस्ट्रेशन के वर्षों में छूट।

एक्ज़िम बैंक का जवाबः

सहमत। रजिस्ट्रेशन के लिए न्यूनतम वर्षों की संख्या को अब घटाकर 4 (चार) वर्ष कर दिया गया है।

क्वेरी 3

बोली में हिस्सा लेने के लिए पात्रता मानदंडों में आईएसओ 9001-2015 प्रमाणन में छूट।

एक्ज़िम बैंक का जवाबः

सहमत। आईएसओ 9001-2015 प्रमाण पत्र अनिवार्य नहीं है।

क्वेरी 4

बोली में हिस्सा लेने के लिए पात्रता मानदंडों में प्रत्यक्ष पेरोल पर कर्मचारियों की संख्या 200 में कुछ छूट।

एक्ज़िम बैंक का जवाबः

सहमत। बैंक प्रत्यक्ष पेरोल पर 100 कर्मचारियों की संख्या पर सहमत है।

क्वेरी 5

सत्यापन के लिए क्रय आदेश या क्लाइंट संदर्भ पत्र प्रस्तुत करने से मौजूदा ग्राहकों के साथ किए गए अप्रकटीकरण करार का उल्लंघन होगा।

एक्ज़िम बैंक का जवाबः

सहमत। कॉल पर संदर्भ स्वीकार्य होगा। उसी का उल्लेख पथशीर्ष (लेटरहेड) पर घोषणा के रूप में किया जाए और ई-टेंडर पोर्टल पर उसे उपलोड करना जरूरी है।

क्वेरी 6

बिल ऑफ मटीरियल में उत्पादों की मात्रा अनंतिम होती है, जिसका असर टेंडर प्रस्तुत करते समय बोली के मूल्य को कोट करने पर पड़ेगा।

एक्ज़िम बैंक का जवाबः

बैंक के लिए ईमेल आईडी की 500 अपेक्षित हैं। यह बैंक द्वारा तय किया जाएगा कि ई1, ई3 का कॉम्बिनेशन हो या ई1 तथा ई3 हो, जो कुल लागत, बजट और जरूरत पर निर्भर करेगा। मात्रा और कॉम्बिनेश पर बैंक का निर्णय अंतिम होगा।

वर्तमान में एटीपी की 475 यूनिट का नवीकरण किया गया है और इसकी वैधता नवंबर 2019 तक है। बैंक अक्टूबर 2019 में एटीपी की 500 यूनिट के लिए ऑर्डर निकालेगा।